Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक



**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।


RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 21

## बहराइच हिंसा में एक्शन में पुलिस

# अब तक 50 उपद्रवी गिरिफ्तार; 100 से अधिक पर एफआईआर दर्ज

**बहराइच ।** आरएनएस



मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल में उपद्रव काटने वालों पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है। पुलिस ने 24 घंटों के भीतर 24 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उपद्रव के मामले में 50 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि 100 से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। उपद्रव के दौरान पुलिस कर्मियों के बनाए गए वीडियो से भी उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। प्रशासन की ताबड़तोड़ छापामारी की कार्रवाई को देख भीड़ में शामिल होकर उपद्रव करने वाले लोग फरार हैं।

प्रतिमा विसर्जन के दौरान मकान से पथराव के बाद रेहुआ मंसूर गांव निवासी 22 वर्षीय रामगोपाल मिश्र की हत्या के बाद आक्रोशित भीड़ ने महराजगंज बाजार में तोडफ़ोड कर आगजनी की थी। शहर में भी स्टीलगंज तालाब के पास बाइक में आग लगा दी गई। अस्पताल चौराहे पर कई दुकानों को जला दिया गया था। काजीकटरा में भी आगजनी का प्रयास किया गया।

घंटों पुलिस व उपद्रवियों के बीच गोरिल्ला युद्ध चलता रहा। उपद्रवियों को काबू करने के लिए एसटीएफ चीफ हाथ में पिस्टल लेकर दौड़ाना पड़ा था। मुख्यमंत्री ने मामले में उपद्रव करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद प्रशासन भी एक्शन मोड में दिखा। नव नियुक्त हरदी थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी ने मंगलवार को आशिक आशिक रसूल, नमीमुद्दीन, मुहम्द रईश, राजा बाबू, साकिब समेत 24 अन्य लोगो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने सभी पकड़े गए आरोपितों को जेल भेज दिया है। सोमवार को 26 लोगो को गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय रवाना किया था।

महाराजगंज बाजार में प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगांव के रेहुआ मंसूर गांव निवासी 22 वर्षीय रामगोपाल मिश्र को घर में घसीटकर ले जाने और उसकी बर्बरतापूर्वक पिटाई कर उसके नाखून को उखाडक़र गोली मारकर हत्या मामले में हरदी पुलिस को 10 लोगों की तलाश है।

## फतेहपुर : तेज रफ्तार कार खड़े ट्राला में घुसी, तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**फतेहपुर ।** आरएनएस



उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बुधवार को सडक़ हादसे में कार सवार तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा हाईवे पर बड़ौरी टोल प्लाजा के पास हुआ।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार सुबह कानपुर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार बलेनो कार खड़े ट्राला में घुस गई। इस हादसे में कार में सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया।

गंभीर रूप से घायल तीसरे व्यक्ति को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बलेनो कार कन्नौज नंबर की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि 14 अक्टूबर को यूपी के कानपुर में एक भीषण सडक़ हादसे में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। यह हादसा रामादेवी से पनकी भौती जाने वाले हाईवे पर हुआ था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हाईवे पर एक तेज रफ्तार डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया था। जिससे डंपर के पीछे चल रही कार उससे जा टकराई, इसके बाद दोनों वाहनों के पीछे चल रहे ट्राला ने कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी।

इस हादसे में कार सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। टक्कर इतनी जोरदार थी की कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी। मृतकों की पहचान प्रतीक सिंह, गरिमा, सतीश, आयुषी व चालक विजय साहू के रूप में हुई थी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### किसानों को सरकार का तोहफा, गेहूं व मसूर समेत रबी की 6 फसलों पर एमएसपी बढ़ाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कैबिनेट की बैठक में केंद्रीय कर्मचारियों के साथ-साथ मोदी सरकार ने किसानों को भी दिवाली का तोहफा दे दिया है। सरकार ने रबी फसल की रूस्क्क यानि न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने का ऐलान कर दिया है। कैबिनेट में चने का रूस्क्क 210 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने का फैसला किया गया है। चने का नया रूस्क्क अब 5,650 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है जो पहले 5440 रुपए प्रति क्विंटल था। वहीं सरसों की रूस्क्क 300 रुपए प्रति क्विटंल बढ़ाया गया है। सरसों का मौजूद रूस्क्क अभी 5650 रुपए प्रति क्विंटल था। जबकि नया भाव अब 5950 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है। गेहूं की रूस्क्क में भी 150 रुपए प्रति क्विटंल का इजाफा किया गया है। इसकी रूस्क्क 2275 रुपए प्रति क्विटंल से बढक़र 2425 रुपए प्रति क्विंटल हो चुकी है। रबी फसल का सीजन अक्टूबर-नवंबर से लेकर मार्च-अप्रैल तक रहता है। इन फसलों में गेहूं, जौ, सरसों, चना आदि की खेती शामिल हैं। रूस्क्क के मायने उस रेट से होता है जिस पर सरकार किसानों से खरीदारी करती है। आज रबी फसल की रूस्क्क तय हो सकती है।

### मोदी सरकार का बड़ा ऐलान, दीवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दीवाली से पहले केंद्र सरकार ने करोड़ों कर्मचारियों और पेंशनर्स को बड़ा तौहफा दिया है। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए डीए में बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है। मोदी कैबिनेट ने आज बुधवार को अपनी बैठक में आधिकारिक तौर पर महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी गई है। 3 फीसदी की इस बढ़ोतरी के बाद अब कर्मचारियों को मिलने वाला डीए बढक़र 53 फीसदी हो जाएगा। इस बढ़ोतरी से 1 करोड़ से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को फायदा मिलने की उम्मीद है। बता दें कि डीए बढ़ोतरी 1 जुलाई 2024 से प्रभावी है। ये भी बता दें कि केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी जुलाई से दिसंबर महीने तक के लिए है। ऐसे में केंद्रीय कर्मचारियों को अक्टूबर की सैलरी में तीन महीने- जुलाई, अगस्त और सितम्बर का ष्ठ एरियर भी मिलेगा। दरअसल, केंद्र सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देता है, जबकि पेंशनभोगियों को डीआर दिया जाता है। सामान्य तौर पर, डीए और डीआर में साल में दो बार बढ़ोतरी की जाती है- जनवरी और जुलाई। अभी एक करोड़ से ज्यादा केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को 50 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा है। इससे पहले बीते मार्च महीने में सरकार ने 4त्न डीए बढ़ाने का ऐलान किया था। 2006 में, केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए डीए और डीआर की गणना करने के फॉर्मूले को संशोधित किया था। 30 सितंबर को कन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लॉइज एंड वर्कर्स ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को लेटर लिखकर डीए/डीआर बढ़ोतरी की घोषणा में देरी पर चिंता व्यक्त की थी। इसके साथ आपको ये भी बता दें कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों का ष्ठ उनके बेसिक सैलरी के आधार पर तय किया जाता है।

### बिहार में जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के सीवान और सारण जिलों में जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। सीवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार शाम कौडिय़ा वैसी टोला गांव में उल्टी, सिरदर्द और पेट दर्द जैसे लक्षणों के साथ लोगों को इलाज के लिए भगवानपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गुप्ता ने कहा, जब उनकी हालत पहले से और ज्यादा बिगड़ गई तो उन्हें सीवान के सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। गुप्ता ने बताया, इलाज के दौरान चार लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य लोगों का इलाज सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना में चल रहा है। मृतकों की पहचान कौडिय़ा वैसी टोला के अरविंद सिंह (40) और रामेंद्र सिंह (30), माधव पोखरा गांव के संतोष साहनी (35) और मुन्ना (32) के रूप में हुई है।

## लोकायुक्त की बड़ी कार्यवाई, रिटायर्ड जूनियर ऑडिटर के ठिकानों से करोड़ों की संपत्ति बरामद

**भोपाल ।** आरएनएस

भोपाल में लोकायुक्त की टीम ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए रिटायर्ड जूनियर ऑडिटर रमेश हिंगोरानी के घर और अन्य ठिकानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान हिंगोरानी के पास से करोड़ों रुपये की संपत्ति, सोना, हीरे और कई लग्जरी वाहन बरामद हुए हैं।

रमेश हिंगोरानी सतपुड़ा भवन के शिक्षा सचिवालय में तकनीकी शिक्षा विभाग में जूनियर ऑडिटर के पद से रिटायर हुए थे। एक जूनियर ऑडिटर की सामान्य तनख्वाह के मुकाबले हिंगोरानी के पास इतनी भारी संपत्ति होने से भ्रष्टाचार पर सवाल उठ रहे हैं। लोकायुक्त की टीम ने हिंगोरानी के बैरागढ़ स्थित बंगले, गांधीनगर में लक्ष्मी देवी विकयोमल सर्राफ हायर सेकेंडरी स्कूल, किरण प्रेरणा स्कूल और एक मैरिज गार्डन सहित कुल 6 ठिकानों पर छापेमारी की।

छापेमारी के दौरान टीम को हिंगोरानी के पास से 90 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति के दस्तावेज, भारी मात्रा में सोना और हीरे की ज्वेलरी, क्रेटा और स्कॉर्पियो सहित 4 कारें और 5 दोपहिया वाहन मिले है।

हिंगोरानी पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने और उसे बेचने के गंभीर आरोप हैं। इसके अलावा, उन पर सामाजिक संस्था लक्ष्मी देवी विकयोमल सर्राफ एजुकेशन सोसाइटी के तीन स्कूलों पर अवैध कब्जा करने का भी आरोप है। लोकायुक्त अधिकारियों का कहना है कि हिंगोरानी ने भ्रष्टाचार के माध्यम से अपनी संपत्ति अर्जित की है और उन्होंने इस धन को रियल एस्टेट में निवेश किया है। इस मामले में अभी और भी खुलासे होने की संभावना है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड : तीन महीने पहले रची थी हत्या की साजिश, आरोपियों ने यूट्यूब से सीखा था गोली चलाना

**मुंबई ।** आरएनएस



एनसीपी के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी की बीते शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। अब इस मामले की गुत्थी सुलझाने की कोशिश हो रही है। आरोपियों को लेकर एक और नया दावा किया जा रहा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बाबा सिद्दीकी को मारने की प्लानिंग पुणे में तीन महीने पहले से ही शुरू हो गई थी। हत्यारों ने यूट्यूब से गोली चलाना सीखा था। इतना ही नहीं उनकी स्नैपटचैट तथा इंस्टाग्राम पर ही आपस में बातचीत होती थी।

एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी को मारने आए आरोपियों गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप ने छह राउंड फायर किया था। अस्पताल ले जाते वक्त बाबा सिद्दीकी की मौत हो गई थी। कुछ घंटों बाद ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। सूत्रों ने बताया कि यह पता लगा है कि आरोपी यूट्यूब पर गोली चलाने का अभ्यास करते थे।

मुंबई क्राइम ब्रांच ने अब तक इस मामले में 15 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए हैं, जिनमें कई गवाह भी शामिल हैं। मुंबई पुलिस ने एनसीपी नेता की हत्या के सिलसिले में एक और आरोपी हरीश कुमार निषाद को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह चौथी गिरफ़्तारी है। पुलिस का दावा है हरीश ने आरोपियों के लिए पैसे और हथियार मुहैया कराए थे। इससे पहले पुलिस की टीम ने पुणे से साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को गिरफ्तार किया था। प्रवीण शुभम का भाई है, जो लॉरेंस बिश्नोई का गुर्गा है।

उत्तर प्रदेश के बहराइच के रहने वाले 23 साल के हरीश कुमार बालक्रम निषाद को मुंबई की एक अदालत ने मंगलवार को 21 अक्तूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने बताया कि प्रवीण और शुभम लोनकर ने शूटरों गुरमेल सिंह और धर्मराज कश्यप को दो लाख रुपये दिए थे और यह पैसा चौथे आरोपी हरीश के जरिए भेजा गया था। हत्याकांड में तीसरा संदिग्ध शूटर शिवा गौतम अभी भी फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

मुंबई पुलिस ने मंगलवार को बताया कि महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश लगभग तीन महीने पहले शुरू हुई थी और आरोपी कई बार बिना हथियारों के उनके घर के पास भी पहुंचे थे। वारदात से 25 दिन पहले घर और दफ्तर की रेकी भी की गई थी।

## मुंबई : लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट में लगी भीषण आग, बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत

**मुंबई ।** आरएनएस



पश्चिम में लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के एक फ्लैट में भीषण आग लग गई। इस घटना में बुजुर्ग दंपति समेत तीन लोगों की मौत हो गई।

बीएमसी आपदा नियंत्रण के अनुसार, सुबह करीब आठ बजे आग लगने की सूचना मिली। इसके तुरंत बाद अग्निशमन कर्मी और अन्य बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गए।

लोखंडवाला में सीआर नंबर 4 स्थित 14 मंजिला इमारत रिया पैलेस की 10वीं मंजिल के फ्लैट में आग लगी थी। वहां से बहुत धुआं निकल रहा था।

हालांकि, आग केवल फ्लैट तक ही सीमित थी। लेकिन उसी मंजिल और ऊपरी मंजिलों के कई घबराए हुए लोग अपने घरों से निकलकर सोसायटी के बगीचे में पहुंच गए।

बीएमसी ने कहा कि अग्निशमन कर्मियों ने लगभग एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। फ्लैट से निकालकर गंभीर हालत में तीन लोगों को जुहू स्थित बीएमसी के कूपर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

मृतकों की पहचान चंद्रप्रकाश सोनी (74), चंद्रकांता सोनी (74) और फ्लैट में रहने वाले पेलुबेटा (42) के रूप में हुई है।

घटनास्थल पर मौजूद एक अधिकारी ने बताया कि तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

ऐसा अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। एक निवासी ने बताया कि फ्लैट में रहने वाले सभी लोग जलकर मर गए। बुजुर्ग दंपति और तीसरे व्यक्ति को आग और धुएं से बचने का समय नहीं मिला।

इमारत के सचिव किशन अरोड़ा ने बताया कि यह घटना करीब सात बजे की है। मॉर्निंग वॉक पर निकले मेरे बेटे ने फ्लैट से धुआं निकलता देखा। इसकी जानकारी बेटे ने मुझे दी। इसके बाद तुरंत आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। फायर बिग्रेड की टीम लगभग 15 मिनट में ही आ गई थी, लेकिन इससे पहले ही हमने फ्लैट का दरवाजा खोलने और तोडऩे की कोशिश की थी।

किसी तरह दरवाजा तोड़ा गया, लेकिन फ्लैट के अंदर धुएं में कुछ भी दिख नहीं रहा था। फायर बिग्रेड की टीम ने अपना ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने घर के अंदर से तीन लोगों को बाहर निकाला। बुजुर्ग दंपति के दो बच्चे हैं, एक सिंगापुर में रहता है और एक अमेरिका में रहता है। बुजुर्ग दंपति के साथ घर में उनका एक नौकर था। उनके नौकर का नाम रवि था। बुजुर्ग दंपति यहां करीब 22 साल से रह रहे थे।

## अकासा एयर की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, 174 यात्रियों की हवा में अटकी सांसें

**नई दिल्ली ।** आरएनएस




अकासा एयर की दिल्ली से बैंगलोर जाने वाली फ्लाइट क्तक्क 1335 को धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद फ्लाइट को दिल्ली वापस लाया गया।

जानकारी के अनुसार फ्लाइट में 174 यात्री सवार थे। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फ्लाइट की लैंडिंग की गई। दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग के लिए सभी आवश्यक आपातकालीन प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

बता दें कि देश में सात विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। सोशल मीडिया साइट एक्स के जरिए धमकी मिली थी। हालांकि, यह धमकी फर्जी निकली। एक्स हैंडल ने दावा किया था कि इन विमानों में बम रखे गए हैं। इससे पहले सोमवार को भी तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। सोमवार को मुंबई एयरपोर्ट पर इंडिगो एयरलाइंस के दो अंतरराष्ट्रीय विमान को आज बम से उड़ाने की धमकी दी गई। वहीं, मुंबई से न्यूयॉर्क जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। धमकी मिलने के बाद एयर इंडिया की फ्लाइट की दिल्ली हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

## आरजी कर विरोध : जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल 12 वें दिन भी जारी

**कोलकाता ।** आरएनएस

आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में कोलकाता के एस्प्लेनेड में जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन 12वें दिन भी जारी रहा। एस्प्लेनेड स्थित मंच पर भूख हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों की कुल संख्या अब सात हो गई है। अखिल भारतीय स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान की रूमेलिका कुमार और मिदनापुर मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल के स्पंदन चौधरी भी अब इस भूख हड़ताल में शामिल हो गए हैं।

इस बीच, दुर्गा पूजा समाप्त होने के साथ ही इस घटना पर जारी विरोध प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए कोलकाता पुलिस ने उत्तरी कोलकाता में आर.जी. कर कॉम्प्लेक्स के आसपास प्रोहिबिटरी ऑर्डर (निषेधाज्ञा) को 30 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है, जिसके तहत उस पूरे क्षेत्र में पांच या अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 को श्यामबाजार फाइन-पॉइंट क्रॉसिंग, ताला, श्यामपुकुर और उल्टाडांगा सहित अन्य क्षेत्रों में लागू कर दिया गया है।

निषेधाज्ञा बढ़ाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एक प्रदर्शनकारी जूनियर डॉक्टर ने कहा कि इस तरह के दमनकारी फैसले सही नहीं है। इस जघन्य बलात्कार और हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शन सिर्फ कोलकाता या पश्चिम बंगाल तक सीमित नहीं है, यह एक राष्ट्रीय मामला बन गया है।

5 अक्टूबर की शाम से शुरू हुई भूख हड़ताल में भाग लेने वाले अब तक पांच जूनियर डॉक्टरों को उनकी तबियत बिगडऩे के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

## जम्मू-कश्मीर : उमर अब्दुल्ला ने ली सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली ।** आरएनएस



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) नेता उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर का नया मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।

पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला जी को बधाई। लोगों की सेवा के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर का सीएम बनने पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला को बधाई। मुझे उम्मीद है कि राज्य में शासन की गति आगे बढ़ती रहेगी और उनकी सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होगी। एक सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद उमर अब्दुल्ला ने सीएम पद की शपथ ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उमर अब्दुल्ला के अलावा सुरेंद्र चौधरी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। साथ ही सकीना इट्टू, जावेद राणा, जावेद डार और सतीश शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली।

श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव समेत इंडिया ब्लॉक के कई नेता शामिल हुए।

केंद्र शासित प्रदेश में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए हैं। कांग्रेस पार्टी ने उमर अब्दुल्ला की सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे की बात करें तो, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) को 42 और कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के खाते में 28 सीटें आई।